Title : Need to establish a Super Specialty Hospital and a Hospital for women in Sidhi district headquarter-Laid.

श्रीमती रीती पाठक (सीधी): मैं अपने संसदीय क्षेत्र सीधी की अति आवश्यक मांग के संबंध में माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से आग्रह करना चाहती हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का नितांत अभाव है क्षेत्र बड़ा होने के कारण हमारे क्षेत्र के लोगों को तत्काल व आवश्यक उपचार नहीं प्राप्त हो पाता । मै चाहती हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र सीधी के जिला मुख्यालय सीधी में एक सुपर स्पेसिलिटी व एक महिला अस्पताल की स्थापना की जाये जिसके फलस्वरूप मेरे संसदीय क्षेत्र वासियों को आवश्यक व तत्काल उपचार प्राप्त हो सके इस हेतु मै और मेरे संसदीय क्षेत्र वासी सदैव हमारी सरकार के आभारी रहेंगे ।